नवोदय टाइम्स
FRI,11 JULY 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 1

# गुरुग्राम की गृह पत्रिका द्रोण ज्योतिका का विमोचन




*पत्रिका का विमोचन करते समिति सदस्य।*

गुड़गांव, 10 जुलाई (ब्यूरो): संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप समिति द्वारा उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम को राजभाषा के क्षेत्र में सराहनीय कार्यों के लिए उत्कृष्ट रैंकिंग से सम्मानित किया गया।

इस दौरान समिति ने कार्यालय अध्यक्ष सुनील यादव को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरूग्राम की गृह पत्रिका द्रोण ज्योति के प्रथम अंक का विमोचन किया गया। राजभाषा कार्य की प्रगति और कार्यान्वयन में संसदीय राजभाषा समिति की महत्वपूर्ण भूमिका है। समिति द्वारा पत्रिका विमोचन के इस ऐतिहासिक क्षण ने हिंदी सृजन को एक नई दिशा देने का काम किया है। इस अवसर पर समिति के सदस्यों के साथ ही श्रम व रोजगार मंत्रालय से पी. संगीत कुमार, महानिदेशक व मुख्यालय से रत्नेश कुमार गौतम, बीमा आयुक्त रा.भा., श्याम सुंदर कथूरिया, निदेशक राजभाषा, श्याम कुमार, संयुक्त निदेशक राजभाषा व उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरूग्राम से कार्यालय प्रमुख सुनील यादव, संयुक्त निदेशक प्रभारी, डॉ स्वीटी यादव, सहायक निदेशक राजभाषा, सचिन सिंह, उप निदेशक व बिरजू सिंह, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईएसआईसी उपक्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम की गृह पत्रिका 'द्रोण ज्योति' का विमोचन

**कुमार प्रवेश, गुड़गांव टुडे**



**गुरुग्राम।** संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप समिति द्वारा उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम को राजभाषा के क्षेत्र में सराहनीय कार्यों के लिए 'उत्कृष्ट' रैंकिंग से सम्मानित किया गया। समिति द्वारा कार्यालय अध्यक्ष सुनील यादव को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम की गृह पत्रिका 'द्रोण ज्योति' के प्रथम अंक का विमोचन किया गया। राजभाषा कार्य की प्रगति और कार्यान्वयन में संसदीय राजभाषा समिति की महत्वपूर्ण भूमिका है। समिति द्वारा पत्रिका विमोचन के इस ऐतिहासिक क्षण ने हिंदी सृजन को एक नई दिशा देने का काम किया है। इस अवसर पर समिति के सदस्यों के साथ ही श्रम एवं रोजगार मंत्रालय से पी. संगीत कुमार, महानिदेशक एवं मुख्यालय से रत्नेश कुमार गौतम, बीमा आयुक्त (रा.भा.), श्याम सुंदर कथूरिया, निदेशक (राजभाषा), श्याम कुमार, संयुक्त निदेशक (राजभाषा) व उप क्षेत्रीय कार्यालय, गुरुग्राम से कार्यालय प्रमुख सुनील यादव, संयुक्त निदेशक (प्रभारी), डॉ स्वीटी यादव, सहायक निदेशक(राजभाषा), सचिन सिंह, उप निदेशक और बिरजू सिंह, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी उपस्थित रहे।